बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
आदेश

पटना, दिनांक– .....

संचिका सं0–03/आ01–264/2026...../क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर के पत्रांक–159 दिनांक 09.10.2026 द्वारा सूचित किया गया है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना, शिक्षा विभाग भागलपुर के कार्यालय द्वारा HRMS के माध्यम से फर्जी तरीके से फर्जी शिक्षक को वेतन भुगतान करने के परिप्रेक्ष्य में जोगसर थाना कांड संख्या–198/26 दिनांक 08.10.2026 में दर्ज प्राथमिकी के आलोक में श्री शशि चंदन चौधरी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, भागलपुर गिरफ्तार हुये हैं।

2. उपरोक्त के आलोक में श्री शशि चंदन चौधरी को हिरासत में लिये जाने की तिथि 09.10.2026 से अगले आदेश तक बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(2) के प्रावधानों के तहत निलंबित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा कार्यालय रहेगा तथा निलंबन अवधि में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के संगत नियमों के तहत जीवन निर्वाह–भत्ता देय होगा।

4. आरोप पत्र एवं अनुशासनिक कार्यवाही का संकल्प अलग से निर्गत किया जाएगा।

5. उक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–

(विजय कुमार पाण्डेय)
निदेशक (प्रशासन)

ज्ञापांक : 03/आ01–264/2026.....22..... पटना, दिनांक 21-10-2026

प्रतिलिपि :– प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ (आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से)/ महालेखाकार, बिहार, पटना/माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/ सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/राज्य परियोजना निदेशक/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य टेक्सट बुक कॉरपोरेशन/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम/निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्/मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना/सचिव, बिहार विद्यालय

परीक्षा समिति, पटना/सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना/सचिव, बिहार मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना/सभी निदेशक, शिक्षा विभाग/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/विशेष निदेशक (मा0शि0)/सभी उप निदेशक/सभी संयुक्त निदेशक/सहायक निदेशक/उप सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार/सभी प्रशाखा पदाधिकारी एवं श्री शशि चंदन चौधरी, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, भागलपुर (निलंबन मुख्यालय– क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21.10.24

निदेशक (प्रशासन)